# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0

(राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई)

E-Mail ID: cmhosurajpur@gmail.com फोन न0 :–07775–266145


क्रमाँक/8293/एन.एच.एम./एच.आर./2024 सूरजपुर, दिनाँक 02/12/2024

## /विज्ञापन/

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर, छ0ग0 के पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./एच. आर/2024/1065/2048 रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04.11.2024 में दिए गए निर्देश के परिपालन में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0 के अधीनस्थ विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रिक्त निम्नांकित पदों की संविदा भर्ती हेतु वांछित योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक –20.12.2024 को सायं 5:00 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर छ0ग0 के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र | पदनाम | कार्यक्रम | एकमुश्त संविदा मानदेय | रिक्त पदों का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | | | | अ.पि.व | | | | अ.जा | | | | अ.ज.जा | | | | कुल पद |
| | | | | मु | म | वि | योग | मु | म | वि | योग | मु | म | वि | योग | मु | म | वि | योग | |
| 1 | Laboratory technicians | NHM | 14000/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Laboratory Technicians - DPHL | IDSP | 14000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 3 | Physiotherapist | NHM | 18000/- | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 4 | 1 | 0 | 5 | 10 |
| 4 | Dental Assistant | NOHP | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 5 | MO - AYUSH | RBSK | 25000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 4 | 6 |
| 6 | Staff Nurse - NRC | NRC | 16000/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 7 | Lab Attendant - DPHL | IDSP | 8800/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 8 | Programme Associate - NTEP | NTEP | 22300/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | Lab Supervisor | NTEP | 16500/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 10 | Jr. Secretarial Assistant BPMU | NHM | 12000/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 11 | Staff Nurse | NUHM UAAM | 16500/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 12 | RHO (M) | NUHM UAAM | 14000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 13 | Jr. Secretarial Assistant | NUHM UAAM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 14 | Fourth Class Worker | NUHM UAAM | 10000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 15 | Block Programme Manager | NHM | 26000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 16 | Laboratory Technicians | NHM BPHU | 14000/- | 2 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 3 | 6 |
| 17 | cook cum care taker | NRC | 8800/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 18 | Attendant | NRC | 8800/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 19 | Feeding Demostrator | NHM | 10000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 20 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | NHM | 12000/- | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 21 | Aya Bai | SNCU | 8800/- | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 6 |
| 22 | Cleaner | SNCU | 8800/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| 23 | Support Staff (House Keeping) | SNCU | 10000/- | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 4 | 8 |
| 24 | Peer Supporter | NVHCP | 10000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 25 | Staff Nurse | NBSU | 16500/- | 3 | 1 | 1 | 5 | 2 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 5 | 2 | 0 | 7 | 15 |
| 26 | 2nd ANM | NHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 27 | Jr. Secretarial Assistant DPMU | NHM | 13600/- | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 28 | Staff Nurse | ICU | 16500/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | Total | | | 27 | 4 | 1 | 32 | 12 | 2 | 0 | 14 | 3 | 0 | 0 | 3 | 35 | 12 | 0 | 47 | 96 |

* पदों की संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है, जो जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रावधानित/अनुमोदित आर0ओ0पी0 अनुसार होगा।

| क्र | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | Laboratory Technicians | 01. Higher Secondary (10+2) In Biology with BMLT.<br>02. (A) Higher Secondary (10+2) In Biology with DMLT.<br>(B) Higher Secondary (10+2) In Biology with Para Medical Technician One Year Certificate Course (CMLT) (Registration in Paramedical Council of India OR Chhattisgarh Paramedical Council.)<br>**(First Preference will be given to BMLT)** |
| 2 | Laboratory Technicians - DPHL | 01. Higher Secondary (10+2) In Biology with BMLT.<br>02. (A) Higher Secondary (10+2) In Biology with DMLT.<br>(B) Higher Secondary (10+2) In Biology with Para Medical Technician One Year Certificate Course (CMLT) (Registration in Paramedical Council of India OR Chhattisgarh Paramedical Council.)<br>**(First Preference will be given to BMLT)** |
| 3 | Physiotherapist | Bachelor's Degree in Physiotherapy (BPT) With Live Registraion in C.G. Council. |
| 4 | Dental Assistant | Matriculation from Recognised Board<br>Experiance- Two Year experiance in Dental College/Clinic. Only Govt. Health Facility Experience should be considered.<br>Preferance can be given to candidats done one year course of Lab. Tech. ( Denatl Work Related) Hygenist or Dental Technician From Dental College. |
| 5 | MO - AYUSH (RBSK) | BHMS/BAMS/BUMS Degree With Live Registration from C.G. Ayush Council |
| 6 | Staff Nurse - NRC | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in C.G. Nursing Registration Council |
| 7 | Lab Assistant - DPHL (IDSP) | 12 th passed with Science (Biology) Subject & 2 Year Experience ( Priority given to health related Experience) |
| 8 | Programme Associate - NTEP | 1. MBA/PG Diploma in Management/Health Administration from a recognized institute / university<br>2. At Least 1 year of work experience<br>Preferential Qualification- 1. Preference will be given to those who have worked in the field of development/health at district/state Level<br>2. Basic Knowledge of Computer. |
| 9 | Lab Supervisor | 1. Graduate. 2. Diploma in Medical Laboratory technology or equivalent form a govt recognized institution. 3. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. 4. Certificate course in computer operation (minimum two months) & Minimum one year of experience in NTEP |
| 10 | Jr. Secretarial Assistant - NHM BPMU | 12 th passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. |
| 11 | Staff Nurse | B.Sc Nursing or GNM Course Passed & Live Registration in CG nursing Registration Council. |
| 12 | RHO (M) | MPW Course Passed in Indian Nurshing Board & Registration in CG Nurses Registration Council. |
| 13 | Jr. Secretarial Assistant | 12 th passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. |
| 14 | Fourth Class Worker | 10th Passed From Recognized Board |
| 15 | Block Program Manager | MBA or MSW with (Minimum 55%) + One Year Computer Diploma |
| 16 | Laboratory Technicians BPHU | 01. Higher Secondary (10+2) In Biology with BMLT.<br>02. (A) Higher Secondary (10+2) In Biology with DMLT.<br>(B) Higher Secondary (10+2) In Biology with Para Medical Technician One Year Certificate Course (CMLT) (Registration in Paramedical Council of India OR Chhattisgarh Paramedical Council.)<br>**(First Preference will be given to BMLT)** |
| 17 | cook cum care taker | 8th Passed From Recognized Board |
| 18 | Attendant | 8th Passed From Recognized Board |
| 19 | Feeding Demostrator | B.Sc Home Science From a recognized institute / university |
| 20 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 12 th passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. |
| 21 | Aya Bai | 8th Passed From Recognized Board |
| 22 | Cleaner | 8th Passed From Recognized Board |
| 23 | Support Staff (House Keeping) | 8th Passed From Recognized Board |
| 24 | Peer Supporter | The peer supporter should be a person preferably with or recovered from the disease (hepatitis B or hepatitis C), with a minimum of intermediate (12th (from science)) level education. She must also have sound knowledge of the local language and working knowledge of English. |
| 25 | Staff Nurse | B.Sc Nursing or GNM Course Passed & Live Registration in CG nursing Registration Council. |
| 26 | 2nd ANM | 12th passed and ANM passed in INC Affiliated training center and live registration in chhattisgarh nursing registration Council |
| 27 | Jr. Secretarial Assistant - NHM DPMU | 12 th passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. |
| 28 | Staff Nurse ICU | B.Sc Nursing or GNM Course Passed & Live Registration in CG nursing Registration Council. |

* **आवेदन पत्र के संबंध में :-**

1. यह पद पूर्णतः संविदा आधारित है, संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण व अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ0ग0 द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के नियम एवं शर्तों के अनुसार लागू होंगे।
2. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित जिले का मूल निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जावेगा, तथा ऐसे अभ्यर्थी को अनारक्षित वर्ग में रखा जावेगा।

3. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

4. एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए पृथक– पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5. उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु अनुभव शासकीय संस्थान, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं का ही मान्य होगा। अनुभव आवेदित पद के अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति मे अमान्य कर दिया जावेगा।

5.1 आवेदित पद से संबधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभाव प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जावेगा। जी.एन.एम./ए.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को 04 अंक प्रति वर्ष के मान से अधिकतम 20 अंक हेतु अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर का ही मान्य होगा।

5.2 सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांकएफ 9–33/2021/1/5 दिनांक 17.09.2021 के द्वारा गठित समिति के अनुशंसा के आधार पर छ0ग0 राज्य शासन के निर्णयानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ0ग0 राज्य के **शासकीय स्वास्थ्य संस्था में एवं 06 माह** तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 अंक बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा।

6. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र संबंधित संस्थानों के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र बिना किसी सूचना के निरस्त भी किया जा सकेगा।

7. आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर आवेदक को अपना स्वयं का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो (वर्तमान समय का) चस्पा कर उसे स्व हस्ताक्षरित सत्यापित करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ आवेदक को आवेदन पत्र के निर्दिष्ट स्थानों पर अपना हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य होगा।

8. आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र व लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट एवं पठनीय अक्षरों में लिखना अनिवार्य होगा। आवेदित पद का नाम उल्लेखित नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है।

9. आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप में समस्त आवश्यक प्रविष्टियों सहित सुस्पष्ट एवं पठनीय अक्षरों में आवेदक के द्वारा स्वयं भरकर प्रस्तुत करना होगा। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। इसके संबंध में आवेदक को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदक को चाहिए कि, विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी यथा स्थान अंकित करें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण पाई जाती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

10. प्रशासनिक कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में बदलाव किया जा सकता है। पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।

11. शासन के द्वारा भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है, तो वे निर्देश इस विज्ञप्ति पर लागू होंगे।

12. चयन के उपरांत किसी आवेदक के द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो की गई नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

13. आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्रों का सत्यापन जिला मुख्यालय में की जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।

- **आयु सीमा** :– संविदा के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित हैं।
- **चयन प्रकिया:–** अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी–
  - शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का – 65 प्रतिशत् /60 प्रतिशत् अंक
  - अनुभव–10/15/20 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक/03 अंक/04 अंक )
  - कौशल/दक्षता/लिखित परीक्षा – 20 अंक

**सारिणी–अनुभव एवं बोनस अंक है–**

| क्र | अनुभव अंक 10/15 | बोनस अंक 10 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | • राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ0ग0 अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक)<br>• जी.एन.एम./ए.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को 04 अंक प्रति वर्ष के मान से अधिकतम 20 अंक हेतु अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर का ही मान्य होगा।<br>• अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल शासकीय अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थाओं का ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगे। निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गए पदों | • अवर सचिव छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नवा रायपुर का संशोधन आदेश पत्र क्र/एफ 1–67/2021/सत्रह/एक, दिनांक 03.02.2023 में प्राप्त निर्देशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ0ग0 राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में |

| | | |
|---|---|---|
| | के अनुभव अंक मान्य नहीं किये जायेंगे। **अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित पद का नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश तथा वेतनमान की प्रति देना अनिवार्य होगा। अन्यथा अनुभव का अंक अमान्य किया जावेगा।**<br>• अनिवार्य अनुभव वाले पदों हेतु मान्य प्राप्त निजि संस्थान से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा किन्तु उन्हें अनुभव का अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा। | नियुक्त एवं 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा। |

- कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ0ग0 राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 10 अंक बोनस अंक दिया जाना है। एवं सामान्य स्थिति में नियुक्ति संविदा (अनियमित) कर्मचारी है उन्हें अनुभव के अधिकतम 15 अंक तक दिया जाना है। इस प्रकार एक ही कर्मचारी को दोनों अनुभव के अंक नहीं दिया जावेगा।

14. कौशल/दक्षता/लिखित परीक्षा अंतर्गत समस्त पदों हेतु प्रावधानित शैक्षणिक योग्यता (12वीं) के प्राप्तांकों के लिए 40 प्रतिशत अंक एवं तकनीकी शिक्षा के प्राप्तांकों के लिए 20/25 प्रतिशत अंक (कुल 60/65 प्रतिशत), अनुभव का प्राप्तांक 15/20 अंक तथा कौशल परीक्षा की 20 अंक कुल 100 अंक मेरिट लिस्ट के आधार पर आरक्षण रोस्टर अनुसार चयन करने हेतु निर्धारित होगा।

14.1 पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी। (20 अंक)

| क्र0 | विज्ञापित पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनुभव अंक 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | कौशल परीक्षा का स्वरुप अधिकतम 20 अंक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laboratory Technicians | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–40% एवं तकनीकी शिक्षा–25% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 2 | Laboratory Technicians - DPHL | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–40% एवं तकनीकी शिक्षा–25% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 3 | Physiotherapist | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 4 | Dental Assistant | शैक्षणिक योग्यता (10 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 5 | MO - AYUSH | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 6 | Staff Nurse - NRC | शैक्षणिक योग्यता – 60% | 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 60+20+20=100 |
| 7 | Lab Attendant - DPHL | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 8 | Programme Associate - NTEP | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 9 | Lab Supervisor | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 10 | Jr. Secretarial Assistant - NHM BPMU | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | कप्यूटर बेस्ड स्किल टेस्ट | 65+20+15=100 |
| 11 | Staff Nurse | शैक्षणिक योग्यता – 60% | 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 60+20+20=100 |
| 12 | RHO (M) | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–40% एवं तकनीकी शिक्षा–25% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 13 | Jr. Secretarial Assistant | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | कप्यूटर बेस्ड स्किल टेस्ट | 65+20+15=100 |
| 14 | Fourth Class Worker | शैक्षणिक योग्यता (10 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 15 | Block Program Manager | शैक्षणिक योग्यता – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 16 | Laboratory Technicians | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–40% एवं तकनीकी शिक्षा–25% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 17 | cook cum care taker | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 18 | Attendant | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 19 | Feeding Demostrator | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) – 65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 20 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | कप्यूटर बेस्ड स्किल टेस्ट | 65+20+15=100 |
| 21 | Aya Bai | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 22 | Cleaner | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 23 | Support Staff (House Keeping) | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं)–65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Peer Supporter | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)-65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 65+20+15=100 |
| 25 | Staff Nurse | शैक्षणिक योग्यता – 60% | 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 60+20+20=100 |
| 26 | 2nd ANM | शैक्षणिक योग्यता – 60% | 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 60+20+20=100 |
| 27 | Jr. Secretarial Assistant - NHM DPMU | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं)-65% | 10/15 अंक एवं बोनस अंक 10 | कम्प्यूटर बेस्ड स्किल टेस्ट | 65+20+15=100 |
| 28 | Staff Nurse ICU | शैक्षणिक योग्यता – 60% | 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | लिखित परीक्षा | 60+20+20=100 |

14.2 अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी– 100 अंक

A. **कौशल परीक्षा हेतु**

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता | + | अनुभव के अंक/बोनस का अंक |

B. **अंतिम चयन हेतु–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता | + | अनुभव के अंक/बोनस का अंक | + | कौशल परीक्षा के अंक |

14.3 स्क्रिनिंग/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार परीक्षा लिये जाने के संबंध में– निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी कर पात्र अभ्यार्थियों की वरीयता क्रम सूची बनाई जायेगी एवं निम्नानुसार विज्ञापित पदों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों का मेरिट सूची तैयार किया जावेगा–

| क्र0 | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

अ. कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्ष के **कुल अंकों का प्रतिशत 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना** अनिवार्य है। **40 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में उम्मीद्वारों को अपात्र** माना जावेगा।

- कौशल/दक्षता/लिखित परीक्षा में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को चयन प्रकिया के अंतिम चयन सूची में अवसर नहीं दिया जावेगा।
- **संविदा मानदेयः–** संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

15. **आवेदन शुल्कः–** परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के संबंध में राज्य शासन के सचिव, छ.ग.शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के संबंध में जारी पत्र क्रमांक एफ–2/2022/एक (1) दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा।

**भर्ती के संबंध में नियम व शर्तें–**

1. संविदा अवधि 31 मार्च 2025 तक के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
2. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
3. विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार लागू होगी। विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
   **(टीपः– स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक पात्र होंगे किन्तु उन्हें एक माह के भीतर सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा) इस विषय पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।**
5. संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
6. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
7. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
8. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
9. एक पद हेतु प्रवीणता सूची के आधार पर अधिकतम 10 आवेदनकर्ता को कौशल/दक्षता/लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।
10. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती नियमानुसार उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने तक वैद्य रहेगी ( जो पहले हो)। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

10.1 प्रतीक्षा सूची हेतु कुल विज्ञापित पदों के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा ताकि, भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सके।

10.2 प्रतीक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को देखते हुए प्रतिशारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए चयन समिति सक्षम रहेगा।

11. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि, किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

12. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

13. आवेदन के साथ नवीनतम चस्पा फोटो, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों को स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ नवीनतम फोटो, वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किये जाने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा।

14. तकनीकी चिकित्सा शिक्षा को संबंधित मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन अनिवार्य है। अन्य समस्त सामान्य शिक्षा के आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन अनिवार्य होगा। उक्त पंजीयन नहीं होने की स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

15. विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर दिया जायेगा तथा इस संबंध मे कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन हेतु अंतिम तिथि के पश्चात् कोई भी प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अतः अर्हता को सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण ऑफलाईन आवेदन में संलग्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

16. **उक्त विज्ञप्ति के तहत की जाने वाली समस्त नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी), क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगी।**

17. आवेदन का प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन हेतु सूरजपुर जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है एवं नियुक्ति से संबंधित प्रगति का अवलोकन भी जिले के वेबसाईट एवं कार्यालयीन नोटिस बोर्ड के माध्यम से दिया जा सकेगा। आवेदक नियुक्ति संबंधित प्रगति का अवलोकन जिले के वेबसाईट एवं कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर अवलोकन करते रहें। उक्त हेतु आवेदकों को पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

18. **भूतपूर्व सैनिकों के पद हेतु तृतीय पद पर नियमानुसार 10 प्रतिशत व चतुर्थ पद पर 20 प्रतिशत आरक्षण होगा। भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन प्राप्त नहीं होने की दशा में उक्त पद को उसी प्रवर्ग के आवेदकों से भरा जावेगा।**

**आवेदन के संबंध में आवेदकों के लिए दिशा– निर्देश**

आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में समस्त वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंक–सूचियों की स्वहस्ताक्षरित सत्यापित छायाप्रति सहित प्रस्तुत किये जावें। अंकों के स्पष्ट गणना हेतु ग्रेडिंग पद्धति से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अपने अंकों की अंकसूची भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अंक सूची संलग्न न होने की स्थिति मे अंकों के स्पष्ट गणना नही होने की दशा में अभ्यर्थी अपात्र किये जावेंगे एवं दावा–आपत्ति में अंकसूची जमा करने का अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध करते हुए पृष्ठ क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम से ही व्यवस्थित करें।

(1. आवेदन पत्र 2. निवास प्रमाण पत्र 3. जाति प्रमाण पत्र 4. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र 5. अन्य प्रमाण पत्र 6. लिफाफा)

संलग्नः– आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– सूरजपुर (छ0ग0)